हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शनिवार, 20 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 23 .5 डिग्री
न्यूनतम 6 .0 डिग्री

12 केमिकल युक्त पानी पर रोक नहीं, धारूहेड़ा के सेक्टरों तक पहुंचा पानी, चेयरमैन की फरियाद भी बेअसर



12 क्रिसमस, नव वर्ष व उर्स मेले के यात्रियों की सुविधा के लिए स्पेशल रेलसेवाओं का 22 से होगा संचालन



## खबर संक्षेप

### दहेज प्रताड़ना मामले में एक आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** पुलिस ने दहेज के लिए मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। शहर की एक कॉलोनी निवासी विवाहिता की शिकायत के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने के प्रयास किए थे। जब उनके बीच बातचीत सिरे नहीं चढ़ी तो पुलिस ने 24 नवंबर को आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में जीवड़ा निवासी अश्वनी को गिरफ्तार कर लिया। बाद में आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### एक्साइज एक्ट के तहत एक गिरफ्तार

**धारूहेड़ा।** पुलिस ने भिवाड़ी रोड पर अवैध रूप से शराब बेचने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि भिवाड़ी मोड़ निवासी विवेक अवैध रूप से शराब की बिक्री करता है। पुलिस ने मौके पर जाकर रेड की तो उसके मकान से अवैध शराब बरामद हुई। आरोपी पुलिस को चकमा देकर भागने में कामयाब हो गया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने आरोपी विवेक को गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे निजी मुचलके के आधार पर रिहा कर दिया गया।

### युवक के कब्जे से पिस्टल व कारतूस बरामद

**रेवाड़ी।** सदर थाना पुलिस ने एक युवक को देशी पिस्टल व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि खोरी निवासी मंजीत उर्फ पहलवान के पास हथियार मौजूद है। वह बाईपास के निकट किसी का इंतजार कर रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर आरोपी को काबू कर लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक पिस्टल व 4 जिंदा कारतूस बरामद हुई। उसे मौके पर ही गिरफ्तार करने के बाद पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया। आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

### दस दिन से लापता महिला का सुराग नहीं

**रेवाड़ी।** शक्ति नगर से लगभग दस दिन पहले घर से लापता हुई महिला का कोई सुराग नहीं लगा। कॉलोनी में रहने वाली लगभग 60 वर्षीय महिला गत 10 दिसंबर को घर से घूमने के लिए निकली थी। इसके बाद वह घर नहीं लौटी। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। उसके पास मोबाइल फोन भी नहीं है। परिजनों की शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने केस दर्ज करते हुए महिला का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

### यादव कल्याण सभा का चिकित्सा शिविर कल

**रेवाड़ी।** यादव कल्याण सभा की ओर से गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में 21 दिसंबर को सुबह 9 से 11 बजे तक फ्री चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमे मरीजों को निःशुल्क दवाईयां भी प्रदान की जाएंगी। यादव सभा प्रवक्ता प्रो. सतीश यादव ने बताया कि शिविर में डा. रवि राव मेडिसिन, डा. प्रशांत यादव हड्डी रोग, डा. प्रद्युम्न यादव मूत्र रोग सर्जरी, डा. निशा यादव नेत्र रोग व डा. कोमल यादव दंत रोग में ओपीडी सेवाएं प्रदान करेंगे। इनके अलावा लेफ्टिनेंट पूर्ण सिंह यादव फिजियोथेरेपी कन्सल्टेंसी के लिए उपलब्ध रहेंगे।

### आर्य समाज संघीवाड़ा की प्रधान बनी अरुणा आर्या

**नारनौल।** आर्य समाज संघीवाड़ा में त्रिवार्षिक चुनाव के अवसर पर यज्ञ का आयोजन किया गया। बुधराम आर्य की अध्यक्षता में आयोजित इस चुनाव में अरुणा आर्या को प्रधान, वेदप्रकाश शर्मा को उपप्रधान, योगाचार्य विश्वपाल आर्य को मंत्री, जयप्रकाश यादव को उपमंत्री सुरेश कुमार यादव को खजांची बनाया गया।

---

*नेशनल हाइवे पर जगह-जगह खड़े हो रहे डंपर*

**धुंध के दौरान दिखाई नहीं देने पर हो सकते हैं हादसे**

# ओवरब्रिज शुरू होने से राहत, डंपरों पर लगाम नहीं, कोहरे में हादसों की आशंका

टोल प्लाजा के पास नारनौल की ओर से आने वाले वाहनों के लिए पर्याप्त जगह तक सड़क पर नहीं बचती


नरेन्द्र वत्स ▸▸| रेवाड़ी

जैसलमेर नेशनल हाइवे को दिल्ली-जयपुर और रोहतक नेशनल हाइवे से जोड़ने वाले आउटर बाईपास के ओवरब्रिज को फिर से चालू कर दिया गया है। इससे बड़ी संख्या में वाहन चालकों को राहत मिली है। तीनों नेशनल हाइवे पर सड़क किनारे बिना इंडिकेटर जलाए डंपर खड़े किए जाते हैं, जिससे कोहरे के दौरान हादसों की आशंका बनी हुई है। ट्रैफिक पुलिस इन डंपर चालकों पर नकेल नहीं कस पाई है। आउटर बाइपास पर बने स्टील ब्रिज के एक हिस्से को मेंटिनेंस के लिए बंद कर दिया गया था। एनएचएआई और डीएफसीसीआई के इंजीनियरों की संयुक्त टीम ने जांच के दौरान एक हिस्से में आवश्यक बदलाव की जरूरत महसूस की थी। इसी के चलते दिसंबर माह के शुरू में ही एक हिस्से को बंद कर दिया गया था। दोनों ओर के वाहनों को ब्रिज के एक ही हिस्से से निकाला जा रहा था।



जैसलमेर नेशनल हाइवे से गुजरते डंपर।

एनएचएआई ने सड़क के एक हिस्से पर बेरिकेड्स लगाकर उसे दो भागों में विभाजित कर दिया था। इससे संकीर्ण सड़क से वाहनों का गुजरना मुश्किल बन गया था। ब्रिज के पास आकर वाहनों की रफ्तार धीमी पड़ जाती थी। खासकर धुंध के समय इस रोड पर हादसों की आशंका बनी हुई थी। लगभग दो सप्ताह की मेंटिनेंस के बाद ब्रिज के दूसरे हिस्से को भी यातायात के लिए खोल दिया गया है। इससे वाहन चालकों को काफी राहत मिली है। बाइपास के दोनों ब्रिज से आवागमन शुरू होने के बाद वाहन सरपट दौड़ने लगे हैं। कोहरे के समय हादसों की आशंका भी कम हो गई है।



शुरू किया गया आउटर बाईपास का ओवरब्रिज

**मनमर्जी तरीके से खड़े कर रहे डंपर**

दिल्ली-जयपुर और जैसलमेर नेशनल हाइवे पर बड़ी संख्या में डंपरों का संचालन होता है। जब डंपर चालकों को चेकिंग की सूचना मिलती है, वह इन डंपरों को सुरक्षित स्थान पर सड़क किनारे खड़ा कर देते हैं। खासकर जयपुर मार्ग पर जयसिंहपुर खेड़ा और नारनौल मार्ग पर काठूवास टोल प्लाजा के पास राजस्थान की सीमा पर बड़ी संख्या में डंपर सड़क किनारे खड़े रहते हैं। इनके इंडीकेटर तक नहीं जलाए जाते। ज्यादा कोहरा होने की सूरत में तेज गति से चलने वाले वाहन खड़े डंपरों से टकरा सकते हैं।



रेवाड़ी। जैसलमेर नेशनल हाइवे पर खड़े डंपर। फोटो : हरिभूमि

**जल्द चलाया जाएगा अभियान**

*सड़क किनारे वाहन खड़ा करने से हादसों की आशंका रहती है। जल्द ही ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए अभियान चलाया जाएगा। नेशनल हाइवे व अन्य प्रमुख रोड पर खड़े होने वाले वाहनों के खिलाफ चालान व इंपाउंड करने की कार्रवाई की जाएगी।*
*-पवन कुमार, डीएसपी ट्रैफिक।*

### ढाबों के आसपास भी करते ठहराव

नेशनल हाइवे पर ढाबों और चाय की दुकानों के सामने भी डंपर व अन्य वाहन चालक अपने वाहनों को रोक देते हैं। चूंकि नेशनल हाइवे पर वाहन तेज रफ्तार से गुजरते हैं, जिस कारण उनके सड़क किनारे खड़े वाहनों से टकराने की आशंका ज्यादा रहती है। डीजीपी ओपी सिंह ने बीते दिनों ट्रैफिक पुलिस को ऐसे वाहनों को इंपाउंड करने के आदेश दिए थे, लेकिन जिले में अभी तक इन आदेशों का कोई असर नजर नहीं आ रहा है। जल्द ही कोहरा गहराने की संभावना है, जिसके बाद हादसों की आशंका ज्यादा रहेगी।

### टोल प्लाजा पर वाहनों का जमावड़ा

कुंड बैरियर और काठूवास टोल प्लाजा के पास सड़क पर दर्जनों डंपरों को एक साथ खड़ा कर दिया जाता है। टोल प्लाजा के पास तो नारनौल की ओर से आने वाले वाहनों के लिए पर्याप्त जगह तक सड़क पर नहीं बचती। सड़क की चौड़ाई टोल प्लाजा के कारण काफी अधिक है, परंतु इतनी ही बड़ी संख्या में डंपर बराबर खड़े कर दिए जाते हैं। छोटा सा टुकड़ा राजस्थान की सीमा में होने के कारण जिला पुलिस इनके खिलाफ कार्रवाई नहीं कर पाती। राजस्थान पुलिस कभी-कभार ही टोल की ओर रुख करती है।

---

# ठेकेदार डकार गए श्रमिकों का पीएफ का पैसा

**कंपनी के पेमेंट रोकने पर थाने पहुंचा मामला**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बावल

कंपनी से श्रमिकों के पीएफ और ईएसआई का पैसा वसूलने के बावजूद ठेकेदारों ने श्रमिकों के खाते में 6 माह से पैसा जमा नहीं कराया। जब श्रमिकों ने कंपनी प्रबंधन को इसी शिकायत की, तो प्रबंधन ने दोनों ठेकेदारों की पेमेंट रोक दी। दोनों पक्षों के बीच विवाद कदर बढ़ गया है कि मामला कसोला पुलिस थाने तक पहुंच गया है। मैनेजमेंट की शिकायत के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों से अपने-अपने दस्तावेज थाने में प्रस्तुत करने को कहा है।

आईएमटी के सेक्टर-6 की एक कंपनी मोहन और दिनेश नाम के दो ठेकेदारों से मैनपावर ली हुई है। श्रमिकों के वेतन, पीएफ और ईएसआई का भुगतान प्रबंधन की ओर से ठेकेदारों को किया जाता है। इसके बाद ठेकेदार इन श्रमिकों को वेतन का भुगताान करने के साथ-साथ उनके पीएफ और ईएसआई खातों में पैसा जमा कराते हैं। पुलिस के अनुसार दोनों ठेकेदार कई श्रमिकों का पीएफ और ईएसआई का पैसा 6 माह से खातों में जमा नहीं करा रहे हैं। जब प्रबंधन को इस बात की शिकायत मिली, तो ठेकेदार मोहन की 28 लाख रुपये और दिनेश की 12 लाख रुपये की बकाया राशि पर प्रबंधन ने रोक लगा दी।

> मैनेजमेंट की शिकायत के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों से अपने-अपने दस्तावेज थाने में प्रस्तुत करने को कहा

**दोनों पक्षों के बीच हुआ विवाद**

पेमेंट रुकने के बाद ठेकेदारों और प्रबंधन के बीच जमकर विवाद हुआ। इसके बाद प्रबंधन की ओर से थाना कसोला पुलिस को शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने शुक्रवार को दोनों पक्षों को थाने बुलाया था। दोनों पक्ष अपने-अपने दावे कर रहे थे, जिस कारण जांच अधिकारी ने दोनों अपने-अपने दस्तावेजों के साथ थाने आने को कहा है। जांच अधिकारी अरविंद कुमार के अनुसार दोनों पक्षों के दस्तावेज देखने के बाद आगामी कार्रवाई की जाएगी।

---

## पैक्स चुनाव में फर्जी नोडयूज बनाकर वोट डालने पर तेरह मतदाताओं पर केस दर्ज

**कोसली।** सितंबर माह में हुए नाहड पैक्स के चुनाव में बूथ नंबर-3 पर पोलिंग एजेंट रहे राजबीर व प्रदीप कुमार ने 13 मतदाताओं पर फर्जी नोडयूज बनाकर वोट डालने का आरोप लगाते हुए जिला पुलिस अधीक्षक के माध्यम से कोसली थाने में मामला दर्ज कराया है। शिकायतकर्ताओ के अनुसार उन्होंने फर्जीवाड़ा की शिकायत एआरसीएस रेवाड़ी को दी थी। एआरसीएस द्वारा बनाई गई जांच कमेटी ने आरोपियों के नोडयूज फर्जी पाए, जिसकी रिपोर्ट एआरसीएस ने 6-10-2025 को पेश कर दी। शिकायतकर्ताओं ने कहा कि 13 लोगों ने फर्जी नोडयूज के सहारे मतदान कर कानून का उल्लंघन किया है। जांच के बाद कोसली पुलिस ने लूखी गांव के रामकिशन, चंद्र सिंह, शिवराज, संजय कुमार व गुर्जरवास के अभय सिंह, रामपाल, रामकुमार, दयाराम, उमराव सिंह, मूलचंद, मेहरचंद, कृष्ण कुमार व रोहतास कुमार सहित सभी 13 आरोपियों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है।

---

# युवती से 1.20 लाख रुपये की साइबर ठगी करने के दो आरोपी गिरफ्तार

- आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

साइबर थाना पुलिस ने सितंबर माह में एक युवती से वर्क फ्रॉम होम के नाम पर लगभग 1.20 लाख रुपये की ठगी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया। गत 15 सितंबर को साइबर थाना पुलिस को दर्ज शिकायत में गांधी नगर निवासी मीनाक्षी ने बताया था कि गत 10 सितंबर को इंस्टाग्राम पर एक विज्ञापन देखा था। इसके बाद उसने व्हाट्स एप पर मैसेज किया था। मैसेज के जवाब में उसे ऑनलाइन टास्क के बारे में इंस्टाग्राम पर जानकारी दी। उसे बताया गया कि ऑनलाइन शॉपिंग की तरह ही उसे टास्क करना है।

इसके लिए उसे पैसे जमा कराने होंगे। उसने शुरू में 100, 200, 500 और 800 रुपये बताए गए नंबरों पर ट्रांसफर कर दिए। उसे पैसे वापस देने की बजाय और अधिक पैसे जमा कराने के लिए दबाव बनाया। उसने कुल 199972 रुपये ट्रांसफर कर दिए। जब उसने पैसा वापस देने को कहा, तो उसे कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद उसे ठगी का अहसास हुआ।




रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में साइबर ठगी के आरोपी।

**एक के खाते में ट्रांसफर हुई थी रकम**

साइबर थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर 20 अक्टूबर को केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने पंजाब के फिरोजपुर जिला के गांव मल्लनवाला निवासी गुरप्रीत और दिलजीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया। गुरूप्रीत के बैंक खाते में ठगी के 20600 रुपये ट्रांसफर हुए थे। दिलजीत ने साइबर ठगों को उसका खाता मुहैया कराने में मध्यस्थ की भूमिका अदा की थी।

---

# महिला ने फांसी लगाकर जान दी

**रेवाड़ी।** रायपुर गांव में वीरवार की रात एक महिला ने अपने कमरे में संदिग्ध हालात में फांसी लगा ली। बावल थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मृतका के मायके पक्ष को सूचना दे दी। उनके आने के बाद ही शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। यूपी के इटावा की रहने वाली 19 वर्षीय कोमल की शादी लगभग एक साल पहले ही रायपुर निवासी सोनू के साथ हुई। कुछ समय पहले कोमल अपने मायके चली गई थी। वह दो दिन पहले ही मायके से वापस ससुराल आई थी। रात को उसने संदिग्ध हालात में फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी। परिजनों ने उसका शव पंखे के हुक से लटका देखकन पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना मिलने के बाद बावल थाना प्रभारी राजेंद्र मौके पर पहुंच गए। शव कब्जे में लेकर सीन ऑफ क्राइम टीम को मौके पर बुलाया गया। इसके बाद सीन ऑफ क्राइम टीम को भी मौके पर बुलाया गया। पुलिस ने मृतका के मायके पक्ष को घटना की सूचना बुलाया है। उनके आने के बाद ही पुलिस पोस्टमार्टम की कार्यवाही करेगी।



रेवाड़ी। कोमल व सोनू का शादी के समय का फाइल फोटो।

---

# खुर्शीद नगर के व्यक्ति पर नौकरी लगवाने के नाम पर पैसे हड़पने का आरोप, सात लोगों ने दी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोसली

बव्वा गांव के सात लोगों ने खुर्शीद नगर गांव के एक व्यक्ति पर नौकरी लगवाने का झांसा देकर सात लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाते हुए कोसली थाने में मामला दर्ज कराया है। बव्वा गांव निवासी अशोक कुमार, ब्रह्मपाल, हरिओम, रामेहर, कृष्ण, दीपक व महेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बतायौ कि चार साल पहले खुर्शीद नगर गांव निवासी गुरमीत ने उन्हें बताया कि वह रेलवे में क्लर्क है तथा बच्चों को नौकरी लगवा सकता हूं। इसके लिए कुछ पैसों का इंतजाम करना होगा। बातचीत के बाद अशोक ने 7 लाख 10 हजार, ब्रह्मपाल सिंह ने 3 लाख, हरिओम ने 4 लाख रुपए गुरमीत को दे दिए जिसमें से उसने 2 लाख वापस कर दिए। रामेहर ने 3 लाख 30 हजार, कृष्ण ने 4 लाख जिसमें से उसने 2 लाख वापस कर दिए। दीपक ने 4 लाख व महेद्र ने 5 लाख 50 हजार रुपये दिए जिसमें से 20 हजार रुपये बकाया हैं।

**पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज**

गुरमीत ने उनके बच्चों को नौकरी पर नहीं लगवाया उन्होंने पैसे वापस देने की मांग की। गुरमीत ने उन्हें आने वाली भर्ती में लगवाने का आश्वासन दिया, लेकिन उसके बाद भी बच्चों को नौकरी पर नहीं लगवाया। पैसे वापस मांगने पर बार बार समय देने लगा। इस दौरान गुरमीत व उसके पिता भूप सिंह ने अशोक कुमार के घर पर आकर वायदा किया कि सभी लोगों के पैसे अपनी जमीन बेचकर अथवा केसीसी करवाकर लौटा दूंगा। गुरमीत ने उसमें से कुछ के पैसे लौटा दिए, लेकिन सात लाख रुपये की राशि आज तक बकाया है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

---

**विधायक ने विधानसभा में उठाई कोसली में खंड कार्यालय भवन स्थापित कराने की मांग**

**कोसली।** विधानसभा सत्र के शून्य काल के दौरान कोसली के विधायक अनिल यादव ने सदन में कोसली में नया खंड कार्यालय स्थापित कराने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि यह उपमंडल तो बन चुका है, लेकिन अभी तक यहां कोई खंड कार्यालय नहीं है। उन्होंने धन्यवाद रैली में रखी गई अधिकांश मांगों को पूरा कराए जाने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का भी आभार प्रकट किया। विधायक अनिल ने कहा कि कोसली हलके में नाहड़ ब्लॉक का कार्यालय सन 1962 में बनाया गया था। उसके बाद से इसका पुनर्निर्माण नहीं कराया गया। यहां की बिल्डिंग जर्जर होने के कारण गिराई जा चुकी है। नाहड़ उप तहसील का नया भवन और खंड स्तरीय मिनी सचिवालय का निर्माण कराया जाए। विधायक ने कहा कि डहीना खंड को पिछले लंबे समय से उपमंडल का दर्जा दिए जाने की मांग रही है। डहीना को उपमंडल बनाए जाने से यहां प्रशासनिक कार्यों को तेजी से निपटाए जाने में आसानी होगी। उन्होंने डहीना की पीएचसी को सीएचसी के रूप में अपग्रेड कराए जाने की भी मांग रखी। अपने कहा कि कोसली हलके में एक भी पॉलिटेक्निक कॉलेज नहीं है। इसलिए यहां पर एक उच्च स्तरीय तकनीकी शिक्षण संस्थान की स्थापना कराई जाए। उन्होंने कोसली के बाईपास को पूरा कराने तथा इसका अंडरपास बनवाने की भी मांग रखी। विधायक ने कहा कि कोसली व भाकली में जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने की वजह से यहां जलभराव की समस्या बनी रहती है। पानी निकासी के लिए एक बड़े प्रोजेक्ट को यहां पर मंजूरी दिलाई जाए।



रेवाड़ी। विधानसभा में कोसली हलके की मांगों को रखते हुए विधायक अनिल यादव। फोटो : हरिभूमि

---

**गिरफ्तार किए गए आरोपियों के कब्जे से 5100 रुपये बरामद किए**

# ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन के तहत विभिन्न मामलों में संलिप्त 3 आरोपी दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी


जिला पुलिस की ओर से ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन के तहत जुआ-सट्टा, नशा व अवैध हथियार सहित अन्य अवैध गतिविधियों में संलिप्त आरोपियों पर शिकंजा कसा जा रहा है। अभियान के तहत पुलिस की विभिन्न टीमों ने संवेदनशील, भीड़भाड़ वाले तथा अपराध प्रभावित क्षेत्रों में चैकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान पुलिस ने जुआ-सट्टा व अवैध हथियार रखने के मामले में आरोपियों को काबू किया है। सीआईए कोसली ने थाना सदर क्षेत्र से 1 अवैध देशी पिस्टल व 4 जिंदा रौंद के साथ आरोपी मंजीत उर्फ पहलवान निवासी गांव खोरी को गिरफ्तार किया है। जगन गेट चौकी पुलिस ने सट्टा खाईवाली करते हुए दो आरोपी हीरालाल व आकाश उर्फ अक्कु निवासी धारूहेड़ा चुंगी को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 5100 रुपये बरामद किए।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में हथियार के साथ आरोपी। फोटो : हरिभूमि

**अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों की जानकारी दें: एसपी**

एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने जिले के सभी गांवों के सरपंचों, पुलिस मित्रों, सामाजिक प्रतिनिधियों और जागरूक नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्र में नशा बेचने वालों, जुआ खिलाने वालों या अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों की जानकारी पुलिस को दें ताकि आरोपियों पर कानूनी कार्यवाही की जा सकें। एसपी ने समाज सेवी संस्थाओं से भी अपील की है कि जिनके पास घर नहीं है तथा खुले आसमान के नीचे रहते है तथा ओढ़ने के लिए कंबल नहीं है, वे उनकी पहचान करके उनके रहने, कंबल व भोजन की व्यवस्था करने में प्रशासन का सहयोग करें।




# वॉर ड्रामा फिल्म इक्कीस में दिखी धर्मेंद्र की झलक

**मुंबई।** अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा की फिल्म 'इक्कीस' अब इस साल रिलीज न होकर नए साल पर रिलीज हो रही है। 1 जनवरी 2026 को रिलीज होने वाली इस फिल्म का अब फाइनल ट्रेलर शुक्रवार को रिलीज कर दिया गया है। फिल्म का ट्रेलर पहले भी आ चुका है, लेकिन अब ये फाइनल ट्रेलर आया है। 2 मिनट 11 सेकंड के इस ट्रेलर की शुरुआत जयदीप अहलावत की आवाज से होती है। जिसमें वो कहते हैं, 'उस धुएं और बारूद की बू आज भी याद है मुझे। हम तारीख बदलने वाले थे, लेकिन उस एक लड़के ने हमारी तकदीर ही बदल दी।' इसके बाद ट्रेलर में युद्ध के जबरदस्त सीन और गोलियों और बम के धमाकों की आवाजें सुनने व देखने को मिलती हैं। सेकेंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल के किरदार में अगस्त्य नंदा सेना की वर्दी में जचते हैं। ट्रेलर के अंत में धर्मेंद्र नजर आते हैं और बैकग्राउंड में 'जिंदगी एक सफर है सुहाना' गाना बजता है।

लाइफ Style

# राधिका

## मैं 16 घंटे काम नहीं कर सकती

राधिका आप्टे भी वर्किंग आवर को लेकर चल रही बहस में शामिल हो गई हैं। अब उन्होंने भी दीपिका पादुकोण की 8 घंटे की शिफ्ट की मांग पर सहमति जताते हुए अपनी बात रखी है। राधिका ने यहां तक कह दिया कि जब तक कि प्रोड्यूसर्स 12 घंटे की शिफ्ट से सहमत न हों वो काम नहीं कर पाएंगी। मां बनने के बाद दीपिका पादुकोण की 8 घंटे की शिफ्ट की डिमांड को लेकर लगातार चर्चा हो रही है और अब इस डिमांड में एक और फीमेल बॉलीवुड एक्ट्रेस शामिल हो गई हैं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

पिछले कुछ महीनों से मां बनने के बाद काम के घंटों की लेकर बहस ने जोर पकड़ रखी है। हाल ही में राधिका ने अपनी बेटी का पहला बर्थडे सेलिब्रेट किया है। महिला एक्ट्रेसेस खासकर न्यू मॉम्स के लिए काम के घंटों पर बहस पिछले कुछ महीनों से लगातार चल रही है। इसकी शुरुआत दीपिका पादुकोण की तरफ से कथित तौर पर संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म 'स्पिरिट ' से वर्किंग आवर को लेकर 8 घंटे की मांक से शुरू हुई, जिसके बाद खबर आई कि मेकर्स ने उन्हें फिल्म से आउट कर दिया। अब राधिका आप्टे ने इस मांग पर सहमति जताई और खुशी भी कि आखिरकार इस विषय पर बातचीत शुरू हो गई है। उन्होंने कहा, 'मैं तब तक काम नहीं कर पाऊंगी जब तक मेकर्स 12 घंटे की शिफ्ट के लिए सहमत नहीं हो जाते। 12 घंटे से मेरा मतलब है, पूरी शिफ्ट यानी जिसमें मेकअप और हेयर स्टाइल सब हो। वर्ना हम असल में 16 घंटे काम कर रहे होते हैं, क्योंकि तब आपको कम से कम 14 घंटे सेट पर रहना पड़ता है, जिसमें हेयर स्टाइल, मेकअप और शिफ्ट का कुछ और काम शामिल है। इसके बाद आपको कम से कम डेढ़ घंटे का ट्रैवल करना पड़ता है, चाहे आप कहीं से भी काम कर रहे हों।' राधिका ने कम के तय समय पर जोर देते हुए कहा कि आप 16 घंटे तक घर से दूर नहीं रह सकते, वरना आप अपने बच्चे को कभी देख ही नहीं पाएंगे।



हॉलीवुड मसाला



# धुरंधर के गाने पर झूमे निक जोनस

**लॉस एंजिल्स।** बॉलीवुड म्यूजिक की दीवानगी अब सिर्फ भारत तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसका जादू इंटरनेशनल भी साफ नजर आता है। हाल ही में नया मामला मशहूर सिंगर और प्रियंका चोपड़ा के पति निक जोनस और उनके भाई जो और केविन जोनस का है, जिन्होंने अपने कॉन्सर्ट से पहले जोश बढ़ाने के लिए एक हिंदी फिल्म का गाना चुना है। खास बात यह है कि यह गाना आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर' का ट्रैक 'शरारत' है, जो इन दिनों दुनियाभर में सुर्खियां बटोर रहा है। निक जोनस ने हाल ही में अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह अपने भाइयों के साथ स्टेज पर जाने से पहले 'शरारत' गाने पर मस्ती करते नजर आ रहे हैं।



# कैप्टन अमेरिका के तौर पर वापसी करेंगे क्रिस

**लॉस एंजिल्स।** 'एवेंजर्सः डूम्स डे' का पहला टीजर जेम्स कैमरून की फिल्म 'अवतार-फायर एंड ऐश' के साथ थिएटर में दर्शकों को देखने को मिला। इस टीजर से दर्शकों को हिंट मिला है कि फिल्म में बतौर कैप्टन अमेरिका क्रिस इवांस की वापसी हो सकती है। एवेंजर्स सीरीज की अगली फिल्म 'एवेंजर्सः डूम्स डे' को लेकर दर्शक उत्साहित हैं। इसमें उनके लिए एक बड़ा सरप्राइज है। फिल्म का हाल ही में पहला टीजर रिलीज हुआ। जिसे देखकर दर्शकों को ऐसा लगा कि इसका हिस्सा क्रिस इवांस भी होंगे। वह कैप्टन अमेरिका के तौर पर इस फिल्म में वापस नजर आ सकते हैं। टीजर में एक खेत से सीन से शुरुआत होती है। इसमें फिल्म का एक अहम किरदार स्टीव अपने घर के बाहर मोटरसाइकिल चलता है और बैकग्राउंड में 'एवेंजर्स' थीम का पियानो वर्जन बज रहा होता है। स्टीव ने नीला हेलमेट पहना है, जो फैंस को कैप्टन अमेरिका (क्रिस इवांस) के कॉस्ट्यूम की याद दिलाता है। स्टीव के हाथ में एक नवजात बच्चे भी है। इसके साथ ही टीजर खत्म हो जाता है।



# हैप्पी पटेल का ट्रेलर रिलीज, वीर पर भारी पड़े आमिर- इमरान

**मुंबई।** वीर दास की फिल्म 'हैप्पी पटेलः खतरनाक जासूस' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इसमें कोई दोराय नहीं है कि आमिर खान प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी यह फिल्म मजेदार लग रही है। 2 मिनट और 38 सेकेंड में इसमें कॉमेडी का भरपूर डोज है, जमकर गालियां हैं और एक बेवकूफ सीक्रेट एजेंट है, जो काम कम और गलतियां ज्यादा करता है। ट्रेलर की शुरुआत 'अल्फा मेल-अल्फा मेल' की गूंज से होती है, जो इसके हीरो और को-डायरेक्टर वीर दास के लिए है, लेकिन असल मजमा लूट ले जाते हैं आमिर खान और पर्दे पर 10 साल बाद कमबैक कर रहे उनके भांजे इमरान खान। ट्रेलर अपने पहले फ्रेम से ही यह साफ कर देता है कि यह फिल्म कोई स्पाई एक्शन थ्रिलर नहीं, बल्कि अपने हल्के-फुल्के अंदाज, अजीब किरदारों और कॉमिक ट्विस्ट से दर्शकों का मनोरंजन करने वाली है।



# वही पुरानी कहानी, फाइनल सीजन जैसा कुछ भी नहीं

**नई दिल्ली।** रिश्ते रहें ना रहें प्यार तो हमेशा रहता है। दोस्ती, रिलेशनशिप और प्यार की अहमियत को दिखाती चार लड़कियों की कहानी वाला शो 'फोर मोर शॉट्स प्लीज' का चौथा सीजन शुक्रवार को रिलीज हो चुका है। ये सीरीज का फाइनल सीजन है। 2019 में शुरू हुई इस सीरीज के पहले और दूसरे सीजन को महिलाओं की कहानी और उनकी बोल्डनेस के चलते दर्शकों और क्रिटिक्स ने काफी पसंद किया था। हालांकि, तीसरा सीजन आते-आते कहानी कहीं न कहीं सिर्फ बोल्डनेस तक सीमित रह गई और नयापन खोने लगी। इस सीजन में सीरीज के फाइनल सीजन जैसा कुछ भी नया नहीं लगता है। पिछले तीन सीजन की तरह ही सीरीज प्यार रिलेशनशिप, एलजीबीटक्यू और दोस्ती को लेकर मैसेज देने का प्रयास करती है। जिसमे कहीं-कहीं सफल भी होती है।

टीवी मसाला



# 14 साल बाद टीवी पर लौटेंगे अक्षय होस्ट करेंगे व्हील ऑफ फॉर्च्यून शो

**नई दिल्ली।** अक्षय कुमार फिल्मों में लोगों को एंटरटेन करने के बाद अब 14 साल बाद टीवी पर गेम खिलाने के लिए आ रहे हैं। वो एमी अवॉर्ड विनर टीवी गेम शो 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' भारत में लेकर आ रहे हैं। अक्षय कुमार इस शो को होस्ट करेंगे। आठ बार एमी अवॉर्ड जीतने वाला अमेरिका का नंबर वन टेलीविजन गेम शो 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' अब भारत में सोनी टीवी और सोनी लिव पर प्रसारित होने के लिए तैयार है। अक्षय कुमार शो में बतौर होस्ट शामिल होंगे। सोनी टीवी की ओर से इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर करते हुए बताया गया, 'दुनिया के सबसे बड़े टेलीविजन गेम शो ने भारत को नमस्ते कहा है।' इसके साथ ही मेकर्स ने ये भी स्पष्ट कर दिया है कि अक्षय कुमार इस शो को होस्ट करेंगे। हालांकि, अभी तक शो की रिलीज डेट और कंटेस्टेंट के नाम सामने नहीं आए हैं। इस गेम शो से जुड़ने पर अभिनेता अक्षय कुमार ने भी खुशी जाहिर की है। एक्टर ने कहा कि 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' दुनिया भर में लाखों लोगों का पसंदीदा शो रहा है। मैं इसके भारतीय संस्करण को यहां के दर्शकों के सामने पेश करने के लिए बेहद उत्साहित हूं। कई पीढ़ियों से चली आ रही शो की लोकप्रियता और पहेलियां सुलझाने का रोमांच इसे दुनियाभर में लोकप्रिय बना चुका है। मुझे भरोसा है कि भारतीय दर्शक भी इसका भरपूर आनंद लेंगे।

## पलक झपकाने का नहीं मिलेगा मौका

नई दिल्ली। माधुरी दीक्षित की वेब सीरीज 'मिसेज देशपांडे' 19 दिसंबर को ओटीटी पर रिलीज हो गई है। इस क्राइम-थ्रिलर सीरीज के कुल 6 एपिसोड्स एक साथ रिलीज हुए हैं। हर कातिल कत्ल के पीछे कोई ना कोई सबूत छोड़ जाता है, लेकिन यहां माजरा थोड़ा उल्टा है। यहां कातिल बताकर जाता है कि मारने वाला वही था। इस सीरीज में पलक झपकाने का समय नहीं मिलेगा, क्योंकि हर पल कोई ना कोई नया मोड़ आ जाता है यानी ट्विस्ट और टर्न की भरमार के मामले में तो पूरे नंबर मिलने चाहिए। आखिर तक पता नहीं चल पाएगा कि आखिर कातिल है कौन। हर क्राइम-थ्रिलर की ही तरह ये सीरीज भी सस्पेंस और मर्डर मिस्ट्री की परतें एक-एक कर खोलती है। कहानी है एक सीरियल किलर की, जो मुंबई में एक के बाद एक कत्ल किए जा रहा है और हत्या करने का तरीका एक जैसा ही है। सभी को रस्सी से दम घोंटकर मारा जाता है। सीरीज की कहानी शुरु होती है ऐसे ही मुंबई में एक्टर विराट मल्होत्रा के कत्ल से। पुलिस कमिश्नर अरुण खत्री मौका-ए-वारदात पर पहुंचते हैं।




# सस्पेंस-थ्रिलर से लेकर कॉमेडी-रोमांस तक, इस वीकेंड ओटीटी पर लगा एंटरटेनमेंट का फुल तड़का

**नई दिल्ली।** अगर आप वीकेंड पर घर बैठे एंटरटेनमेंट का पूरा डोज लेना चाहते हैं, तो यह हफ्ता ओटीटी दर्शकों के लिए किसी तोहफे से कम नहीं है। रोमांस, हॉरर-कॉमेडी, क्राइम थ्रिलर और डार्क ड्रामा- हर जॉनर को पसंद करने वालों के लिए इस बार कुछ न कुछ खास मौजूद है। दिसंबर के इस वीकेंड पर कुल 5 नई फिल्में और वेब सीरीज रिलीज हुई हैं, जो आपकी बिंज-वॉच लिस्ट को और लंबा करने वाली हैं।

### शुभचिंतक

गुजराती सिनेमा को एक नया और बोल्ड मोड़ देती है 'शुभचिंतक', जो 18 दिसंबर 2025 से शेमारू मी पर स्ट्रीम हो रही है। यह डार्क कॉमेडी-थ्रिलर एक ऐसे नौसिखिए की कहानी है, जो बदला लेने के लिए हनी-ट्रैप का सहारा लेता है। लेकिन जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, वह खुद नैतिक उलझनों और अप्रत्याशित हालात में फंस जाता है। सस्पेंस और डार्क कॉमेडी का यह मिश्रण दर्शकों को अंत तक बांधे रखने का दम रखता है।



### थामा

वहीं, मैडॉक फिल्म्स के हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की पेशकश 'थामा' अब थिएटर के बाद ओटीटी पर दस्तक दे चुकी है। 16 दिसंबर 2025 से प्राइम वीडियो पर उपलब्ध यह फिल्म रोमांस और डर का दिलचस्प कॉम्बिनेशन पेश करती है। आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना की जोड़ी के साथ फिल्म हल्के-फुल्के हास्य के बीच हॉरर का तड़का लगाती है, जो इस फ्रेंचाइजी के फैंस को खासा पसंद आने वाला है।

### एक दीवाने की दीवानियत

नेटफ्लिक्स पर 16 दिसंबर से स्ट्रीम हो रही 'एक दीवाने की दीवानियत' एक इंटेंस रोमांटिक ड्रामा है। कहानी एक ऐसे आशिक के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसकी मोहब्बत धीरे-धीरे जुनून में बदल जाती है। हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा की केमिस्ट्री इस कहानी को और भी भावनात्मक बना देती है। यह सीरीज़ प्यार, पागलपन और पजेसिवनेस के बीच की महीन रेखा को दिखाती है।

### मिसेज देशपांडे

19 दिसंबर 2025 को जियो हॉटस्टार पर रिलीज हुई 'मिसेज देशपांडे' खासतौर पर माधुरी दीक्षित के फैंस के लिए बड़ी ट्रीट है। इस क्राइम थ्रिलर में वह एक सीरियल किलर के किरदार में नजर आती हैं, जो पुलिस को एक कॉपीकैट किलर पकड़ने में मदद करती है। फ्रेंच सीरीज ला मांते से प्रेरित यह शो सस्पेंस और साइकोलॉजिकल ट्विस्ट से भरपूर है।

# 3 इडियट्स की सीक्वल होगी 4 इडियट्स और चौथा एक्टर होगा तगड़ा सुपरस्टार!

मुंबई। आमिर खान की सुपरहिट फिल्म '3 इडियट्स' के सीक्वल की बात जोरों पर है। इन सबके बीच, फिल्म को लेकर नया अपडेट सामने आया है। इसका टाइटल '4 इडियट्स' हो सकता है और चौथे इडियट को ढूंढने के लिए मेकर्स जोर-शोर से जुटे हुए हैं। फिलहाल स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है और इसका टाइटल है 4 इडियट्स। हालांकि, यह टाइटल अभी बदला जा सकता है, मेकर्स इस फ्रेंचाइजी को इसकी पुरानी तिकड़ी से आगे बढ़ाने के लिए एक सुपरस्टार की तलाश में हैं। निर्माता चौथे इडियट की खोज में जुटे हैं, जो एक सुपरस्टार हो सकता है। लेखन का काम जारी है और टीम यह तय करने में लगी है कि यह और भी बड़ी और बेहतर हो और पहले पार्ट के अंत से आगे बढ़े। हालांकि, यह सिर्फ एक साधारण सिलसिला नहीं होगा, बल्कि इसमें नए एलिमेंट भी शामिल किए जाएंगे ताकि चौथे लीड स्टार को शामिल करना बेहतर साबित हो सके।



### एक कल्ट क्लासिक फिल्म बन गई 3 इडियट्स

*जहां उम्मीद है कि आमिर खान, आर. माधवन, शरमन जोशी और करीना कपूर खान से 2009 की ब्लॉकबस्टर फिल्म से अपने रोल्स को दोहराएंगे, वहीं चौथे इडियट को लेकर अटकलें जल्द ही सबके बीच आएंगी। '4 इडियट्स' केवल एक अस्थायी टाइटल है और बाद में इसमें बदलाव हो भी सकता है और नहीं भी। फिर भी, चौथे एक्टर को लेकर बातें जोरों पर हैं, जो संभवतः एक सुपरस्टार हो सकता है। 2009 में रिलीज हुई फिल्म '3 इडियट्स' एक कल्ट क्लासिक बन गई और इसने भारत की शिक्षा प्रणाली पर देशव्यापी बहस छेड़ दी। इस फिल्म ने 200 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने वाली पहली भारतीय फिल्म बनकर इतिहास रच दिया और उस समय बॉलीवुड के लिए नए मानक स्थापित किया। इसके सीक्वल का निर्देशन राजकुमार हिरानी करेंगे।*

## अपनी अदाकारी से लोगों को कभी हंसाया तो कभी रुलाया

# अमिताभ की फिल्म में दद्दू के किरदार से मशहूर हुए ओम प्रकाश

एजेंसी ⏭ मनई दिल्ली

ओम प्रकाश बॉलीवुड के ऐसे कलाकार हैं, जिन्होंने अपनी अदाकारी से लोगों को कभी हंसाया तो कभी रुलाया। उन्हें कैरेक्टर आर्टिस्ट के तौर पर भी याद किया जाता है। अपने कॅरियर में उन्होंने 300 से ज्यादा फिल्मों में काम किया। वह जो भी किरदार निभाते थे, उसमें पूरी तरह से ढल जाते थे। अभिनेता के अलावा वह निर्माता भी थे।

### 12 साल की उम्र में संगीत सीखना किया शुरू

19 दिसंबर 1919 को जम्मू में जन्मे ओम प्रकाश का पूरा नाम ओम प्रकाश बख्शी था। उनकी शुरुआती पढ़ाई लाहौर में हुई जो अब पाकिस्तान में है। बचपन से ही उन्हें कला में दिलचस्पी थी। वह लगभग 12 साल के थे, जब उन्होंने शास्त्रीय संगीत की शिक्षा लेनी शुरू की। साल 1937 में उन्होंने 'ऑल इंडिया रेडियो' में काम करना शुरू किया। उनके प्रोग्राम 'फतेहदीन' को काफी सराहना मिली।

### शादी की दावत में मिला फिल्म का ऑफर

सिनेमा में आने की ओम प्रकाश की कहानी दिलचस्प है। वह अपने दोस्त की शादी में गए थे। वहां दलसुख पंचोली ने उन्हें देखा और लाहौर बुलाया। इसके बाद उन्हें फिल्म 'दासी' 1950 में काम करने का मौका दिया। यह उनकी पहली बोलती फिल्म थी।



### आखिरी वक्त

ओम प्रकाश अपने आखिरी वक्त में बीमार हो गए थे। दिल का दौरा पड़ने की वजह से उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत ज्यादा खराब होने पर वह कोमा में चले गए थे। 21 फरवरी, 1998 को उन्होंने इस दुनिया को अलविदा कह दिया।

### इन फिल्मों में की बेहतरीन अदाकारी

'दासी' के बाद उन्हें कई बेहतरीन फिल्में मिलीं। उन्होंने हिंदी सिनेमा के कई बड़े अभिनेताओं के साथ काम किया और अपने अभिनय का लोहा मनवाया। उन्होंने जूली, पड़ोसन, दस लाख, बैराग, चुपके-चुपके, नमक हलाल, शराबी, खानदान, प्यार किए जा, चौकीदार, आंधी, लावारिस, लोफर और जंजीर जैसी बेहतरीन फिल्मों में काम किया। उनकी आखिरी फिल्म 'नौकर बीवी का' (1983) है।

### बिग बी के साथ की शानदार अदाकारी

ओम प्रकाश को सबसे ज्यादा पहचान अमिताभ बच्चन की दो फिल्मों से मिली। फिल्म नमक हलाल में ओम प्रकाश ने दद्दू का किरदार निभाया। इस किरदार को आज भी याद किया जाता है। इसके अलावा उन्होंने फिल्म शराबी में मुंशीलाल का किरदार निभाया, जिसे आज भी लोग सराहते हैं।

### 60 के दशक में प्रोड्यूस की फिल्में

ओम प्रकाश एक बेहतरीन एक्टर होने के साथ-साथ एक बेहतरीन निर्माता भी थे। 60 के दशक में उन्होंने अपनी प्रोडक्शन कंपनी बनाई। इसके तहत उन्होंने भैयाजी, चाचा जिंदाबाद, गेटवे ऑफ इंडिया और संजोग जैसी फिल्में बनाईं। ओम प्रकाश ने फिल्म कन्हैया' का निर्माण किया था। इसमें राज कपूर और नूतन ने अभिनय किया था।

### दिलचस्प है लव लाइफ

ओम प्रकाश की लव लाइफ दिलचस्प, लेकिन अधूरी है। एक इंटरव्यू में उन्होंने खुलासा किया कि उन्हें एक सिख लड़की से प्यार हो गया था। हालांकि, लड़की के घरवाले उनके खिलाफ थे, क्योंकि वह हिंदू थे। उनकी मां लड़की के घर पर शादी का प्रस्ताव लेकर गई थीं, लेकिन उनके घरवाले नहीं मानें। इसके बाद उन्होंने अलग होने का फैसला किया।

## खबर संक्षेप



### विभागों ने विशेष शिविर लगाकर दी सेवाएं

**नारनौल।** प्रशासनिक कार्यप्रणाली को और अधिक चुस्त-दुरुस्त और जन-हितैषी बनाने के संकल्प के साथ आज पांचवें सुशासन सप्ताह-2025 की विधिवत शुरुआत हुई। प्रशासन गांव की ओर नाम से शुरू हुआ यह अभियान 25 दिसंबर तक चलेगा। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग तथा प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग की सचिव रचना शाह ने वर्चुअल माध्यम से इस राष्ट्रीय अभियान की लांचिंग की। इस दौरान देशभर के मुख्य सचिव तथा उपायुक्त जुड़े रहे। जिला महेंद्रगढ़ की तरफ से उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार इस वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े रहे। इस वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के बाद उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के उपलक्ष्य में सुशासन सप्ताह मनाया जाता है।

### शिकायत निवारण और सेवा शिविरों का आयोजन

**नारनौल।** स्वास्थ्य विभाग की ओर से 19 से 25 दिसंबर तक मनाए जा रहे प्रशासन गांव की ओर सुशासन सप्ताह के तहत शुक्रवार जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं, सीएचसी, पीएचसी, उप नागरिक अस्पताल व नागरिक अस्पताल में विशेष शिकायत निवारण एवं सेवा शिविरों का आयोजन किया। सिविल सर्जन डॉक्टर अशोक कुमार ने बताया कि इस दौरान विशेष शिकायत निवारण एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सीएम विंडो, ट्वीटर शिकायत, सीपीग्रामस शिकायत, ऑटो अपील सिस्टम, राइट टु सर्विस, आयुष्मान भारत सहित एनसीडी टीम द्वारा विशेष जांच शिविर लगाएं जा रहे हैं।

### 25 को होगा रोजगार मेले का आयोजन

**नारनौल।** प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट की ओर से आत्मनिर्भर भारत अभियान की निरंतरता में युवाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए भव्य रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ संजय शर्मा एवं ट्रस्टी डॉ जितेन्द्र भारद्वाज ने बताया कि यह रोजगार मेला 25 दिसंबर को प्रातः 10 बजे बस स्टैंड के पास यादव धर्मशाला में आयोजित किया जाएगा। मेले में आईटीआई डिप्लोमा होल्डर, पॉलिटेक्निक डिप्लोमा धारक, दसवीं से स्नातक तक शिक्षित, ट्रेंड एवं अनट्रेंड युवा भाग ले सकेंगे।

### आवेदन प्रक्रिया जारी अंतिम तिथि 1 जनवरी

**नारनौल।** सैनी सभा की ओर से समाज के संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण के उद्देश्य से आजीवन सदस्यता हेतु आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। सैनी सभा नारनौल के महासचिव निहाल सैनी ने बताया कि सभा का उद्देश्य समाज को एकजुट, संगठित एवं सशक्त बनाना है, जिसके लिए अधिक से अधिक समाज बंधुओं की सहभागिता आवश्यक है। महासचिव निहाल सैनी ने बताया कि जो भी समाज के सम्माननीय बंधु सैनी सभा की आजीवन सदस्यता ग्रहण करना चाहते हैं, वे पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड की प्रति सहित निर्धारित आवेदन–फॉर्म सैनी सभा कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

### सरकार दिलाएगी स्वदेशी उत्पादों को वैश्विक पहचान

**नारनौल।** प्रधानमंत्री के वर्ष 2047 तक विकसित भारत के विजन को धरातल पर उतारने और स्वदेशी उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाने के उद्देश्य से हरियाणा सरकार द्वारा एक नई शुरुआत की गई है। प्रदेश सरकार द्वारा पंचकूला के सेक्टर-5 स्थित परेड ग्राउंड में स्वदेशी महोत्सव-2025 का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि 19 से 28 दिसंबर 2025 तक चलने वाला यह महोत्सव हरियाणा की समृद्ध परंपराओं, स्वदेशी विचारों और आधुनिक उद्यमिता के संगम के रूप में उभर कर सामने आएगा।

---

व्यवसायिक इंडस्ट्रीज के वेस्ट कचरे को पौषक खाद में परिवर्तित करने की तकनीक से पैदावार बढ़ाने पर किया फोकस, छोटे किसानों को आत्म निर्भर बनने में मिलेगी मदद

# पीएमश्री स्कूल की छात्रा अनिता के कृषि विकास मॉडल को प्रदेश में मिला प्रथम स्थान, शिक्षक स्टाफ ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭नांगल चौधरी

पीएमश्री गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा अनिता कुमारी के कृषि विकास मॉडल को प्रदेश में प्रथम स्थान मिला है। मेधावी छात्रा के स्कूल पहुंचने में शिक्षक स्टॉफ ने प्राचार्य डॉ दिनेश कुमार की अगुवाई में अभिनंदन किया तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया है। इस दौरान इसरो का भ्रमण करने वाली छात्राओं को भी प्रशंसा पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया है। कार्यक्रम में छात्राओं को प्रतिभा निखारने के लिए प्रेरित किया गया है।

### ब्लॉक लेवल पर साइंस मॉडल प्रतियोगिता कराई गई थी

प्राचार्य ने बताया कि विद्यार्थियों को तकनीकी प्रतिभा निखारने के मकसद से बीते महीने ब्लॉक लेवल पर साईंस मॉडल प्रतियोगिता कराई गई थी। स्पर्धा में पीएमश्री गर्ल्स स्कूल की छात्रा ने एग्रीकल्चर फार्मिगं पर आधारित मॉडल प्रस्तुत किया था, जिसे तृतीय स्थान मिलने पर जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल किया गया था। इस स्पर्धा में करीब आठ स्कूलों की 40 से अधिक छात्राएं शामिल हुई और वर्तमान डिमांड के अनुसार साईंस मॉडल प्रस्तुत किए थे। जिनमें छात्रा अनिता कुमारी के मॉडल को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इसके बाद 18 दिसंबर को कुरुक्षेत्र में स्टेट स्तरीय साईंस मॉडल प्रतियोगिता कराई गई जिसमें 22 जिलों की स्कूलों के प्रतिभागी उपस्थित रहे हैं। छात्रा अनिता ने विकसित कृषि पर आधारित मॉडल बनाया, जिसकी तकनीक से किसानों को व्यवसायिक संस्थानों के वेस्ट कचरे को पौषक खाद में परिवर्तित करने के टिप्स दिए। उन्होंने तर्क दिया कि जमीन को करीब 17 पौषक तत्वों की जरूरत होती है, एक भी तत्व कम या ज्यादा हुआ तो पैदावार प्रभावित होने लगेगी। रसायनिक खादों में चुनिंदा खनिज होते हैं जिनके अंधाधुंध इस्तेमाल से जमीन को बंजर होने का खतरा बढ़ गया है। छात्रा ने मॉडल के जरिए तर्क दिया कि कचरे को पौषक खाद में परिवर्तित करने में कोई बजट की जरूरत नहीं, केवल शारीरिक परिश्रम से खेत को उपजाऊ बनाकर पैदावार को बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस तकनीक से छोटे किसान अधिक लाभावित हो सकेंगे। स्कूल की चार छात्राओं को मैरिट के आधार पर इसरो भ्रमण का अवसर मिला है। जिससे संस्था की अन्य छात्राओं को लक्ष्य निर्धारित करके परिश्रम करने की प्रेरणा मिलेगी। इस मौके पर सीनियर प्रवक्ता रघूबीर पटेल, संगीत कुमार, दीपक, विनोद कुमार, सुरेश, वंदना, निशा, दया, शीशराम, सुजीत, अशोक, करतार, अभय सिंह, सुदेश, सरिता, तृप्ती, शिवानी, कविता, मनीषा, सावित्री मौजूद रही हैं।





**नांगल चौधरी।** प्रदेश स्तर पर टॉपर रही छात्रा का अभिनंदन करता शिक्षक स्टाफ व इसरो का भ्रमण करके स्कूल पहुंची छात्राओं को सम्मानित करते प्राचार्य डॉ दिनेश कुमार। *फोटो: हरिभूमि*

### विजेता छात्रा को मिली 41 हजार पुरस्कार राशि

*प्राचार्य डॉ दिनेश कुमार ने बताया कि विजेता छात्रा अनिता ने जिला स्तर पर प्रथम स्थान अर्जित करके 16 हजार पुरस्कार राशि दी जीती थी। इसके बाद स्टेट लेवल पर प्रथम स्थान हांसिल करने पर मेधावी छात्रा को 25 हजार पुरस्कार राशि से सम्मानित किया गया है। उन्होंने बताया कि छात्रा की उपलब्धि से स्कूल का नाम रोशन हुआ है। गणतंत्र दिवस पर मेधावी छात्रा का सार्वजनिक अभिनंदन किया जाएगा।*

---

नगर परिषद में करीब 38200 गृहकर बकायेदार

# 10 लाख से ऊपर के गृहकर बकायेदारों को नप का नोटिस

*अगर बकाया कर जमा नहीं कराया जाता है, तो बिल्डिंग को सील कर दिया जाएगा*

राजकुमार ⏭नारनौल

नगर परिषद ने हाउस टैक्स के बकायेदारों के लिए खतरे की घंटी बजा दी है। परिषद ने इन बकायेदारों को नोटिस और हाउस टैक्स के बिल जारी किए हैं, जिसमें उन्हें एक सप्ताह में बकाया हाउस टैक्स जमा कराने के लिए कहा गया है। नोटिस में चेतावनी दी गई है कि अगर बकाया कर जमा नहीं किया जाता है, तो हरियाणा नगर पालिका अधिनियम 1973 की धारा 94 व 96 भू–राजस्व एक्ट के तहत वसूली जाएगी। अदायगी नहीं करने पर बिल्डिंग को सील कर दिया जाएगा या कोर्ट में केस दायर कर चल–अचल संपत्ति कुर्क करवाई जाएगी। इस हर्जे–खर्चे के लोग स्वयं जिम्मेवार होंगे। बता दें कि नारनौल शहर में करीब 38,200 हाउस से गृहकर की वसूली की जानी है, जिनमें होटलों, स्कूलों, सिनेमा हॉल, अस्पताल और कमर्शियल भवन शामिल हैं। कमाल की बात है कि इन निजी भवनों के अलावा शहर में अनेक विभागों के सरकारी कार्यालय भी बने हुए हैं, जिनकी तरफ भी नगर परिषद का लाखों रुपया हाउस टैक्स के रूप में बकाया चल रहा है। इन भवनों में से कईयों के मालिक ऐसे भी हैं, जो दस या इससे अधिक सालों से नगर परिषद को गृहकर की अदायगी नहीं कर रहे हैं और उन पर दस लाख या इससे ज्यादा रुपये बकाया के रूप में चढ़ गए हैं। नगर परिषद ने करीब 500 ऐसे भवनों की पहचान की हुई है, जिनको कड़ी चेतावनी के नोटिस जारी किए गए हैं। परिषद का कहना है कि बकायेदारों पर करीब 10 करोड़ रुपये का बकाया है, जिसे जल्द से जल्द जमा कराया जाना चाहिए। नगर परिषद की इस कार्रवाई से बकायेदारों में हड़कंप मच गया है। लोग जल्द से जल्द अपने बकाया कर का भुगतान करने के लिए आगे आने लगे हैं तथा हाउस टैक्स ब्रांच से संपर्क करने लगे हैं। परिषद का कहना है कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा, और बकायेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**कोर्ट में केस दायर कर चल–अचल संपत्ति कुर्क करवाई जाएगी**




**नारनौल।** नगर परिषद कार्यालय। *फोटो: हरिभूमि*

### बकायेदारों का संक्षिप्त विवरण

जीएम रोडवेज 439007 रुपये, हरियाणा स्टेट वेयर हाउस 371202 रुपये, एग्रीकल्चर 576569 रुपये, नहर विभाग 529160 रुपये, ओलंपिक क्लब 30201 रुपये, गोल्ड सिनेमा 163227, हीरो 524109 रुपये, रेनबो 825012 रुपये बकाया हैं। ऐसे ही अनेक केस हैं, जिनकी तरफ मोटी रकम वर्षों से बकाया चल रही है।

### बकायेदारों के लिए विकल्प

*⏭ऑनलाइन भुगतानः नगर परिषद की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन भुगतान किया जा सकता है।*
*⏭ऑफलाइन भुगतानः नगर परिषद के कार्यालय में जाकर ऑफलाइन भुगतान किया जा सकता है।*

### बकायेदारों के लिए चेतावनी

*⏭अगर बकाया कर जमा नहीं कराया जाता है, तो बिल्डिंग को सील कर दिया जाएगा।*
*⏭कोर्ट में केस दायर कर संपत्ति कुर्क करवाई जाएगी।*
*⏭बकायेदारों के खिलाफ अन्य सख्त कार्रवाई भी की जाएगी।*

### गृहकर बकायेदारों को एक सप्ताह का समय



*गृहकर बकायेदारों को नोटिस एवं अमाउंट के बिल दोनों ही जारी कर दिए हैं तथा उन्हें अदायगी के लिए एक सप्ताह का समय दिया गया है। परिषद ने राजस्व वसूली का लक्ष्य रखा है, जिसे पाने के लिए हाउस टैक्स के नोटिस एवं बिल जारी किए गए हैं। परिषद ने बकायेदारों को चेतावनी दी है कि अगर वे जल्द से जल्द बकाया कर जमा नहीं करते हैं, तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। नोटिस के जारी होने के बाद समय रहते यदि हाउस टैक्स की अदायगी नहीं होती है तो संबंधित भवन को सील कर दिया जाएगा। कोर्ट में केस दायर कर कुर्की की कार्रवाई भी शुरू की जाएगी। साथ ही परिषद ने लोगों से अपील की है कि वे अपने हाउस टैक्स का भुगतान समय पर करें, ताकि शहर के विकास कार्यों को गति मिल सके।*
*-सुशील कुमार भुक्कल, कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद, नारनौल*

---




**नारनौल।** लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित करते अमित शर्मा। *फोटो: हरिभूमि*

## प्रशासन गांव की ओर सुशासन सप्ताह के तहत कैंप लगाया

- कैंप में मौके पर ही बनाई 25 लाभार्थियों की पेंशन

हरिभूमि न्यूज ⏭नांगल चौधरी

सेवा विभाग की ओर से एसडीएम कार्यालय नांगल चौधरी में शुक्रवार सुशासन सप्ताह के तहत प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम आयोजन किया। इस मौके पर 25 लाभार्थियों की पेंशन बनाई। जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित शर्मा ने बताया कि इसमें वृद्धावस्था सम्मान भत्ता, विधवा पेंशन और विधुर पेंशन के लाभार्थी शामिल हैं। सभी लाभार्थियों को मौके पर ही स्वीकृति पत्र वितरित किए। श्री शर्मा ने कहा कि सेवा विभाग की ओर से मापदंड पूरे करने वाले लाभार्थी को समय पर लाभ दिया जाता है। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा प्रत्येक माह गांव-गांव जाकर विभागीय योजनाओं का लाभ दिया जाता है। उन्होंने कहा कि अगर किसी व्यक्ति की फैमिली आईडी में उनका डाटा वैरिफाई नहीं हो रहा है तो वह नजदीकी सीएससी में जाकर अपनी फैमिली आईडी में डाटा वैरिफाई करवाएं। क्रीड विभाग से वैरिफिकेशन के बाद जो डाटा मुख्यालय से कार्यालय को प्राप्त होता है उस पर तुरन्त कार्यवाही की जाती है।

### योजना का लाभ लें

उन्होंने कहा कि जिन लड़कियों व महिलाओं की वार्षिक आय एक लाख रूपए से कम है वह आवेदन कर लाडो लक्ष्मी योजना का लाभ ले सकती हैं। अभी तक इस योजना के लिए एप पर अप्लाई नहीं किया है वे एप अप्लाई कर योजना का लाभ ले सकती हैं। इस मौके पर अरूण कुमार अन्वेषक, कप्तान सिंह, सतीश कुमार, शीशराम व विक्रम सिंह के के अलावा सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे।

---

## वितरित होंगे सहायक व कृत्रिम अंग

- दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकजनों के लिए 22 से 26 तक चिन्हित (एसेसमेंट) शिविरों का आयोजन
- 22 को सीएचसी कनीना की जगह अब बीडीपीओ कार्यालय कनीना में लगेगा चिन्हित (एसेसमेंट) शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल

उपायुक्त एवं जिला रेड क्रॉस समिति के अध्यक्ष कैप्टन मनोज कुमार के मार्गदर्शन में आर्टिफिशियल लिम्ब्स मैन्युफैक्चरिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एलिम्को) के सौजन्य से दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकजनों के लिए आगामी 22 से 26 दिसंबर तक विभिन्न स्थानों पर सुबह 10 से शाम चार बजे तक चिन्हित (एसेसमेंट) शिविरों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन शिविरों में चिन्हित किए गए दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों के माप-तोल अनुसार कृत्रिम अंग तैयार किए जाएंगे। उन्होंने दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकजनों से कहा है कि वे कैंप में दिव्यांगजन अपना यूडीआईडी कार्ड, आधार कार्ड, आय प्रमाण-पत्र एवं पासपोर्ट साईज फोटो तथा वरिष्ठ नागरिक आधार कार्ड, आय प्रमाण-पत्र एवं पासपोर्ट साईज फोटो साथ लेकर आएं।

### रेड क्रॉस सचिव बलवान सिंह ने दी जानकारी

यह जानकारी देते हुए जिला रेड क्रॉस सचिव बलवान सिंह ने बताया कि दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिक जनों को कृत्रिम सहायक उपकरण मोटराईज तिपहिया साइकिल, तिपहिया साइकिल, व्हीलचेयर, कमबोर्ड चेयर, कान की मशीन व क्रेच जैसे उपकरण उपलब्ध करवाने के लिए 22 से 26 दिसंबर तक विभिन्न स्थानों पर चिन्हित (एसेसमेंट) शिविरों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 22 दिसंबर को सीएचसी कनीना की जगह अब खण्ड विकास एंव पंचायत अधिकारी कार्यालय कनीना में दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकजनों के लिए चिन्हित (एसेसमेंट) शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार 23 दिसंबर को सरकारी अस्पताल महेंद्रगढ़, 24 दिसंबर को सीएचसी अटेली, 25 दिसंबर को सीएचसी नांगल चौधरी तथा 26 दिसंबर को रेड क्रॉस भवन नारनौल में दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकजनों के लिए चिन्हित (एसेसमेंट) शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

---

## सुशासन को लेकर डीएसपी ने दिए दिशा-निर्देश

- कनीना सिटी थाने में आयोजित की गई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭कनीना

जिले भर में 19 से 25 दिसंबर तक मनाए जा रहे सुशासन सप्ताह को लेकर शुक्रवार को कनीना के डीएसपी दिनेश कुमार ने पुलिस के अनुसंधानकर्ताओं तथा कर्मचारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। कनीना शहर थाना परिसर में आयोजित बैठक में उन्होंने पुलिस कर्मियों से कहा कि इस सप्ताह प्रशासन गांव की ओर रुख करेगा। जिसके माध्यम से आमजन की विभिन्न समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शासन-प्रशासन द्वारा शुरू किए इस सुशासन सप्ताह को लेकर पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ के दिशा निर्देशन में प्रत्येक पुलिस थाने में बैठक आयोजित कर पुलिस कर्मचारियों को जनहित से जुड़ी समस्याओं के निदान को लेकर अवगत कराया जा रहा है।



**कनीना।** बैठक में पुलिस कर्मचारियों को जरूरी दिशा-निर्देश देते डीएसपी दिनेश कुमार। *फोटो: हरिभूमि*

### आमजन प्रशासन का सहयोग करें

उन्होंने कहा कि शहर व गांव की सुंदरता को लेकर आमजन प्रशासन का सहयोग करें और आपसी तालमेल से जन समस्याओं का निराकरण करें। उन्होंने बैठक में उपस्थित सिटी थाना इंचार्ज संदीप हुड्डा, सदर थाना इंचार्ज देवेंद्र सिंह सहित पुलिस कर्मचारियों को जन समस्याओं का तत्परता से निदान करने के निर्देश दिए गए।

---

महेंद्रगढ़ पुलिस की मुहिम से संवर रहा युवाओं का भविष्य

# पुलिस का नशा मुक्त अभियान: अब तक 98 तस्कर गिरफ्तार, भारी मात्रा में नशीला पदार्थ बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल

महेंद्रगढ़ पुलिस ने नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत वर्ष 2025 में बड़ी सफलताएं हासिल की हैं। जिले में नशे के कारोबार पर नकेल कसते हुए पुलिस ने एक जनवरी से 17 दिसम्बर तक की अवधि में ताबड़तोड़ कार्रवाई की है। इस दौरान पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत कुल 57 मामले दर्ज किए हैं, जिनमें संलिप्त 98 नशा तस्करों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ द्वारा गठित विशेष टीमों ने इस वर्ष भारी मात्रा में नशीला पदार्थ जब्त कर तस्करी के नेटवर्क को ध्वस्त किया है। बरामद किए गए पदार्थों में 922 किलो 216 ग्राम डोडा पोस्त, 186 किलो 783 ग्राम गांजा, 1 किलो 697 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) शामिल है। इसके अतिरिक्त पुलिस ने 500 ग्राम चरस/सुलफा, 69 ग्राम स्मैक, 16 ग्राम अफीम और 128 नशीले कैप्सूल की खेप बरामद की है। नशा तस्करों पर कानूनी कार्रवाई के साथ-साथ महेंद्रगढ़ पुलिस ने सामाजिक स्तर पर भी जागरूकता की अलख जगाई है। पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में जिले भर के स्कूलों, कॉलेजों, ग्रामीण चौपालों और सार्वजनिक स्थानों पर विशेष सेमिनार व जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए, ताकि युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया जा सके। विशेष पहल के रूप में विभिन्न गांवों में खेल गतिविधियां संचालित करने के लिए एसपीओ नियुक्त किए गए, जिन्होंने युवाओं को खेल के मैदानों तक पहुंचाने और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से ग्रामीण युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा प्रदान की जा रही है।



एसपी पूजा वशिष्ठ

### नशे से जुड़ी जानकारी बेझिझक पुलिस को दें

पुलिस अधीक्षक ने आमजन से कहा है कि वे नशे के व्यापार से जुड़ी कोई भी जानकारी बेझिझक पुलिस को दें, ताकि युवा पीढ़ी को इस दलदल से सुरक्षित रखा जा सके। पुलिस आगामी दिनों में भी इस अभियान को ओर अधिक सख्ती के साथ जारी रखेगी।

---

## प्रिया फाउंडेशन के रक्तदान शिविर में 55 यूनिट रक्त संग्रह

**मंडी अटेली।** प्रिया फाउंडेशन की ओर से अटेली गांव में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 55 ब्लड यूनिट रक्तदान किया। शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराना और समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना रहा। रक्तदान शिविर के दौरान डॉ. नवीन एवं डा. संजीत उनकी टीम द्वारा सभी रक्तदाताओं की विधिवत जांच कर सुरक्षित तरीके से रक्त एकत्रित किया गया। रक्तदान करने वाले सभी स्वयंसेवकों को प्रिया फाउंडेशन की तरफ से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, जिससे रक्तदाताओं का उत्साह और बढ़ा। इस मौके पर गांव के सरपंच देवेंद्र कुमार ने कहा कि खून की एक-एक बूंद बेहद कीमती होती है।



### सूचना

मैं, मंगत राम पुत्र श्री नाथू राम, निवासी म.नं.16 वार्ड नं.4, ग्राम नागंल तेजू तह. बावल जिला रेवाड़ी बयान करता हूं कि मेरे दोनो पुत्र मूलचन्द व महेश जाटव व पुत्रवधु बबीता व सुशीला व उनके बच्चे प्रिन्स, मयंक व वृतिका, रीतू, अवनि मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### आजमगढ़-अजमेर उर्स स्पेशल रेलसेवा 24 दिसंबर को आजमगढ़ से रवाना होगी

# नव वर्ष व उर्स मेले के यात्रियों की सुविधा को स्पेशल रेलसेवाओं का 22 से होगा संचालन

रेलवे ने नई दिल्ली-अजमेर-नई दिल्ली शताब्दी सुपरफास्ट एक्सप्रेस रेलसेवा के दौराई स्टेशन तक अस्थाई विस्तार को छह माह के लिए बढ़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

रेलवे की ओर से अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए स्पेशल रेलसेवाओं का संचालन किया जा रहा है। आगामी क्रिसमस पर्व व नए साल पर यात्रियों की सुविधा के लिए स्पेशल रेलसेवा चलाई जा रही है। इनके अलावा नई दिल्ली-अजमेर-नई दिल्ली शताब्दी सुपरफास्ट एक्सप्रेस रेलसेवा के दौराई स्टेशन तक अस्थाई विस्तार में बढ़ोतरी की जा रही है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशि किरण ने बताया कि रेलवे की ओर से उर्स मेले के लिए आजमगढ़-अजमेर-आजमगढ स्पेशल रेलसेवा व बरेली-दौराई अजमेर-बरेली अनारक्षित स्पेशल रेलसेवा का संचालन किया जा रहा है।


रेवाड़ी। रेवाड़ी रेलमार्ग से गुजरते हुए एक्सप्रेस ट्रेन। फोटो : हरिभूमि

### आजमगढ़-अजमेर उर्स स्पेशल रेलसेवा

गाड़ी संख्या 05105 आजमगढ-अजमेर उर्स स्पेशल रेलसेवा 24 दिसंबर को आजमगढ़ से शाम 5:30 बजे रवाना होकर अगले दिन रात्रि 9:05 बजे अजमेर पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 05106 अजमेर-आजमगढ उर्स स्पेशल रेलसेवा 26 दिसंबर को अजमेर से रात्रि 9 बजे रवाना होकर अगले दिन रात्रि 11:15 बजे आजमगढ पहुंचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में मुहम्मदाबाद, मऊ, भटनी, देवरिया सदर, गोरखपुर, खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा, बुढवल, सीतापुर, शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद, गाजियाबाद, दिल्ली, दिल्ली कैंट, गुरुग्राम, रेवाड़ी, रींगस, फुलेरा व किशनगढ स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 12 थर्ड एसी इकोनामी, 6 द्वितीय शयनयान, 1 पॉवरकार व 1 गार्ड डिब्बा सहित 20 डिब्बे होंगे।

### बरेली-दौराई अनारक्षित स्पेशल ट्रेन 22 से 28 तक

रेलवे की ओर से उर्स मेले के लिए बरेली-दौराई अजमेर-बरेली अनारक्षित स्पेशल रेलसेवा का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के सीपीआरओ शशि किरण ने बताया कि गाड़ी संख्या 04398 बरेली-दौराई अजमेर उर्स स्पेशल रेलसेवा 22 दिसंबर से 28 दिसंबर तक बरेली से प्रतिदिन शाम 4:50 बजे रवाना होकर अगले दिन जयपुर स्टेशन पर अल सुबह 4:10 बजे आगमन व 4:20 बजे प्रस्थान करके सुबह 7:55 बजे दौराई पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 04397 दौराई अजमेर-बरेली उर्स स्पेशल रेलसेवा 23 से 29 दिसंबर तक दौराई से प्रतिदिन दोपहर 12:15 बजे रवाना होकर जयपुर स्टेशन पर शाम 3:50 बजे आगमन व शाम 4 बजे प्रस्थान करके अगले दिन सुबह 6:45 बजे बरेली पहुंचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, हापुड, गाजियाबाद, दिल्ली जंक्शन, रेवाड़ी, अलवर, बांदीकुई, गांधीनगर जयपुर, जयपुर, फुलेरा, किशनगढ व अजमेर स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस गाड़ी में 12 साधारण श्रेणी व 2 गार्ड डिब्बों सहित 14 डिब्बे होंगे।

### साबरमती-शकूरबस्ती सुपरफास्ट स्पेशल रेलसेवा का संचालन

रेलवे की ओर से क्रिसमस पर्व व नए साल पर यात्रियों की सुविधा के लिए साबरमती-शकूरबस्ती-साबरमती स्पेशल रेलसेवा का संचालन किया जा रहा है। गाड़ी संख्या 09497 साबरमती-शकूरबस्ती सुपरफास्ट स्पेशल रेलसेवा 22 व 24 दिसंबर को साबरमती से रात्रि 10:55 बजे रवाना होकर अगले दिन जयपुर स्टेशन पर सुबह 9:05 बजे आगमन व 9:15 बजे प्रस्थान करके शाम 3:15 बजे शकूरबस्ती पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09498 शकूरबस्ती-साबरमती सुपरफास्ट स्पेशल रेलसेवा 23 व 25 दिसंबर को शकूरबस्ती से रात्रि 9 बजे रवाना होकर अगले दिन जयपुर स्टेशन पर दोपहर 1:30 बजे आगमन व 1:40 बजे प्रस्थान करके अगले दिन दोपहर 12:20 बजे साबरमती पहुंचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में महेसाना, पालनपुर, आबूरोड, मारवाड जंक्शन, अजमेर, जयपुर, अलवर, रेवाड़ी, गुरुग्राम व दिल्ली कैंट स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 18 थर्ड एसी व 2 पॉवर कार डिब्बों सहित 20 डिब्बे होंगे।

### नई दिल्ली-अजमेर शताब्दी सुपरफास्ट के विस्तार में बढ़ोतरी

रेलवे की ओर से नई दिल्ली-अजमेर-नई दिल्ली शताब्दी सुपरफास्ट एक्सप्रेस रेलसेवा का दौराई स्टेशन तक अस्थाई विस्तार को छह माह के लिए बढ़ाया जा रहा है। गाड़ी संख्या 12015/12016, नई दिल्ली-अजमेर-नई दिल्ली शताब्दी सुपरफास्ट एक्सप्रेस रेलसेवा का दौराई स्टेशन तक अस्थाई विस्तार को 19 फरवरी से 18 अगस्त 2026 तक छह माह के लिए और बढ़ाया जा रहा है। पूर्व में इस रेलसेवा का दौराई स्टेशन तक विस्तार 18 फरवरी 2026 तक था।

## खबर संक्षेप



### राठ स्कूल के 65 विद्यार्थियों ने क्लैट परीक्षा में पाई सफलता

रेवाड़ी। कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट यानि क्लैट परीक्षा में राठ ग्रुप ऑफ स्कूल के 66 विद्यार्थियों में से 65 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की है। परीक्षा 7 दिसंबर को आयोजित की गई थी, जिसका परीक्षा परिणाम कंसर्टियम ऑफ नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी की ओर से 16 दिसंबर को घोषित किया गया। परीक्षा में स्कूल के छात्र जतिन यादव, तमन्ना यादव, नेहा स्वामी, कुशिश, अनुष्का यादव, प्रज्ञा मीणा, गार्गी गुप्ता, धर्मिक, मोनिका गुर्जर, प्रियांश, अंकिता यादव, लीजा व कनिषा सहित अनेक विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त करके अपने माता-पिता व स्कूल का नाम रोशन किया है। स्कूल में विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों का माला पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट सम्मान किया गया। विद्यालय की डायरेक्टर शिवानी यादव ने राठ स्कूल विद्यार्थियों व उनके माता-पिता के सपनों को साकार करने का पूरा प्रयास कर रहा है। अकेडमिक डायरेक्टर डा. रविंद्र तंवर, प्राचार्य केपी बर्वे, उपप्राचार्य कुसुम यादव, अकेडमिक डायरेक्टर संदीप यादव, कोऑर्डिनेटर अजय यादव, मीना यादव, क्लैट इंचार्ज नंदिनी यादव, प्रशांत शर्मा, लोकेश यादव, सुकन्या, सुभाष सैनी, ललित व प्रवीण यादव ने सभी शिक्षकों ने बधाई दी व सफल रहे विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।


रेवाड़ी। बजुर्ग को कंबल वितरित करते जन शक्ति जागृति मंच के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### जन शक्ति जागृति मंच ने जरूरतमंद लोगों को बांटे कंबल

रेवाड़ी। जन शक्ति जागृति मंच की ओर से सामाजिक सरोकार के तहत बढ़ती ठंड को देखते हुए जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए गए। संस्था की ओर से रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड व सरकुलर रोड पर फुटपाथ पर खुले में सो रहे लोगों को कंबल प्रदान कर ठंड से राहत दी गई। जन शक्ति जागृति मंच की राष्ट्रीय अध्यक्ष मेनका सोनी ने कहा कि सर्दी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। ऐसे में संस्था की ओर से जरूरतमंद लोगों को कंबल बांटकर मदद की जा रही है। शहर के संगठनों को भी ऐसे लोगों की मदद के लिए आगे आना चाहिए। संस्था की ओर से आगामी दिनों में सामाजिक कार्य किए जाते रहेंगे। इस मौके पर कुलदीप कुमार, प्रकाश वर्मा व विजय सिंह यादव सहित संस्था के सभी सदस्य मौजूद थे।



### बिजली कर्मचारियों ने विभन्न मांगों को लेकर मुख्य सचिव के नाम सौंपा ज्ञापन

कोसली। कोसली की एचएसबीई वर्कर्स यूनियन ने शुक्रवार को कार्यकारी अभियंता को बिजली विभाग के मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपकर कर्मचारियों की मांगों पर विचार किए जाने की मांग की है। इससे पूर्व कर्मचारियों ने एचबीवीएन के सब डिविजन कार्यालय से कार्यकारी अभियंता कार्यालय तक प्रदर्शन किया। कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना लागू किए जाने, ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी की समीक्षा किए जाने, डीसी रेट अथवा एचकेआरएन कर्मचारियों की नियमितीकरण किए जाने, भत्तों में वृद्धि व रिस्क अलाउंस दिए जाने, बाहरी जोन में स्थानांतरण रोकने, चिकित्सा सुविधा व कैशलैस मेडिक्लेम पॉलिसी लागू किए जाने, एक्स ग्रेशिया पालिसी 2019 में संशोधन किए जाने, वेतन विसंगतियों का निवारण करने, इंटरयूटिलिटी ट्रांसफर पॉलिसी बनाने, बिजली संशोधन विधेयक 2023 व 2025 को रद करने तथा अन्य विभागीय सुधार किए जाने की मांग की। इस मौके पर सुरेन्द्र कुमार, प्रमोद यादव, राजबीर, दीपक, यशपाल, चंद्रजीत, मदन लाल, संदीप, धर्मेंद्र, कर्मवीर, नितिन, सुरेश कुमार, आशीष जाखड़, राजेश, सुनिल जेई, गौरव जेई, सोनू, राजसिंह व यूनिट प्रधान जयप्रकाश सहित अनेक कर्मचारी मौजूद थे।

### जिप की बैठक में 69 विकासकार्यों पर सहमति, चालू वित्त वर्ष में खर्च होंगे 4.3 करोड़ रुपये



रेवाड़ी। जिला परिषद की आम बैठक शुक्रवार को जिला प्रमुख मनोज यादव की अध्यक्षता में हुई, जिसमें सीईओ राहुल मोदी व डीडीपीओ एचपी बंसल सहित पंचायत विभाग के अधिकारी और जिला परिषद के सदस्य मौजूद रहे। बैठक में 69 विकासकार्यो पर 4.3 करोड़ की राशि खर्च करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। बैठक में विभिन्न विकासकार्यों से लेकर दूसरे कार्यों पर किए गए खर्च पर चर्चा करने के बाद विकासकार्यों को लेकर भी विमर्श हुआ। गुडियानी गांव में परिषद की 7 कनाल 9 मरला जमीन को फर्निश कराने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई। इस जमीन की तारबंदी कराई जाएगी। इसके साथ-साथ बैठक में एडीसी ऑफिस के पास ही पार्षदों, अधिकारियों और कर्मचारियों के बैठने के लिए वेटिंग रूम बनाने को स्वीकृति दी गई, जिस पर 1.62 लाख रुपये खर्च किए जाने का अनुमान है। जिला परिषद की इस बैठक में कई उन कार्यों को निरस्त भी किया गया, जिनके लिए फिलहाल परिषद के पास फंड उपलब्ध नहीं है। बैठक में जिला उप प्रमुख नीलम रायपुर व पार्षदों ने हिस्सा लिया।

### तेजपाल भाजपा जिला कार्यकारिणी में विशेष आमंत्रित सदस्य मनोनीत



कोसली। भारतीय जनता पार्टी की जिला इकाई ने कोसली स्टेशन क्षेत्र के एडवोकेट तेजपाल गर्ग को जिला कार्यकारिणी में विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में शामिल किया है। जिला महामंत्री हिमांशु पालीवाल ने बताया कि भाजपा जिला अध्यक्ष डा. वंदना पोपली ने प्रदेश नेतृत्व से विचार-विमर्श कर जिले के 13 लोगों को जिला कार्यकारिणी में आमंत्रित सदस्य के रूप में नियुक्त किया है। तेजपाल गर्ग ने अपनी नियुक्ति के लिए विधायक अनिल कुमार यादव व जिला अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया है।

## सखी निवास योजना में वंचित वर्गों की महिलाओं को दी जाएगी प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

जिले में कार्यरत कामकाजी महिलाओं के लिए शहर के सेक्टर-16 में हॉस्टल का निर्माण कराया जाएगा, जिसमें करीब 150 महिलाएं रह सकेंगी। महिला विकास निगम की प्रबंध निदेशक मोनिका मलिक ने शुक्रवार को हॉस्टल के निर्माण को लेकर प्रस्तावित जमीन का निरीक्षण किया। डीसी अभिषेक मीणा ने प्रबंध निदेशक को हॉस्टल निर्माण को लेकर प्रशासन की तरफ की जा रही प्रक्रिया के बारे में जानकारी साझा की। उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि इसका जल्द निर्माण कराया जाए,


रेवाड़ी। हॉस्टल के लिए चयनित जमीन का निरीक्षण करती मोनिका मलिक व डीसी अभिषेक मीणा।

ताकि कामकाजी महिलाओं को लाभ मिल सकें। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि एचएसवीपी की ओर से सेक्टर-16 में करीब एक एकड़ में आधुनिक स्तर के हॉस्टल का निर्माण कराया जाएगा। महिला हॉस्टल के निर्माण को लेकर लगभग सभी प्रक्रियाएं पूरी कर ली गई हैं।

### सखी योजना

प्रबंध निदेशक मलिक ने बताया कि सरकार की ओर से सखी निवास योजना उन कामकाजी महिलाओं के लिए तैयार की गई है, जो अविवाहित, विधवा, तलाकशुदा या किसी कारणवश अपने परिवार से अलग रहकर काम कर रही हैं। इतना ही नहीं, विवाहित महिलाएं जिनके पति या परिजन उसी शहर में नहीं रहते, वे भी इस हॉस्टल में रहने के लिए योग्य होंगी। योजना में समाज के वंचित वर्गों की महिलाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। दिव्यांग महिलाओं के लिए आरक्षित सीटों का भी विशेष प्रावधान किया जाएगा।

## छात्र संसद में सत्ता पक्ष व विपक्ष के बीच ज्वलंत मुद्दों पर बहस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

महेंद्रगढ़ रोड स्थित वीआईपी स्कूल में शैक्षिक नवाचार और लोकतांत्रिक मूल्यों को सशक्त करने के उद्देश्य से छात्र संसद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सत्ता पक्ष एवं विपक्ष के बीच देश के ज्वलंत मुद्दों पर तीखी, तर्कपूर्ण और जोशीली बहस देखने को मिली। छात्र संसद में कृषि, ऑपरेशन सिंदूर, टोल टैक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, महंगाई एवं बेरोजगारी जैसे विषयों पर दोनों पक्षों ने मजबूती से अपने-अपने तर्क रखे। छात्रों की तैयारी, आत्मविश्वास और मंच संचालन ने सभी को प्रभावित किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण वह छात्र रहा, जिसने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लुक और उनके प्रसिद्ध भाइयों और बहनों संबोधन शैली को हूबहू प्रस्तुत किया, वहीं एक छात्रा ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के रूप में उनके विशिष्ट अंदाज में तथ्यों के साथ अपनी बात रखकर सभी का ध्यान आकर्षित किया। अमित शाह, राजनाथ सिंह, जे पी नड्डा, राहुल गांधी, तेजस्वी यादव, ममता बनर्जी, नितिन गडकरी, प्रियंका गांधी, शिव राज सिंह चौहान, शरद पवार तथा स्पीकर ओमबिरला के बोलने के अंदाज को भी पसंद किया गया।

## केमिकल युक्त पानी पर रोक नहीं, धारूहेड़ा के सेक्टरों तक पहुंचा

- चेयरमैन की फरियाद भी बेअसर राजनीतिक दबाव कर रहा अपना पूरा काम, खोखले साबित हुए अधिकारियों के दावे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धारूहेड़ा

राजस्थान के भिवाड़ी से आने वाला केमिकल युक्त पानी एक बार फिर कस्बे के लोगों की जान पर आफत बनकर टूट पड़ा है। सोहना रोड पर दूषित पानी रोकने के लिए बनाया गया रैंप तोड़ने के बाद भारी मात्रा में आ रहा पानी सेक्टरों में एकत्रित होना शुरू हो गया है। दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे के पास भी पानी जमा हो रहा है। चेयरमैन की ओर से अधिकारियों को गुहार लगाए जाने के बाद भी शुक्रवार शाम तक रैंप की रिपेयर नहीं हुई थी, जिससे यह बात साफ हो गई है कि राजनीतिक दबाव अपना खुलकर काम कर रहा है। वर्ष 2023 में तत्कालीन सीएम मनोहरलाल के निर्देश पर बनवाए गए रैंप ने अभी तक राजस्थान के सीमावर्ती क्षेत्रों के लोगों के लिए आफत पैदा की हुई थी। दो बार महापंचायत करने के बाद डीसी से मिले प्रतिनिधिमंडल ने रैंप तुड़वाने की मांग की थी, परंतु डीसी ने ऐसा कराने से मना कर दिया था। इससे पूर्व खुद तिजारा के विधायक बाबा बालकनाथ ने चुनावों के दौरान रैंप तुड़वाने का प्रयास किया था। बीते वीरवार को अलसुबह इस रैंप का एक हिस्सा तोड़ दिया गया, जिससे राजस्थान की सीमा में एकत्रित औद्योगिक क्षेत्र का पानी धारूहेड़ा में प्रवेश कर दिया। रैंप का एक हिस्सा टूटने के बाद नगर पालिका चेयरमैन कंवर सिंह ने डीएमसी ब्रह्मप्रकाश और एसडीएम सुरेश कुमार को इससे अवगत कराया था। अधिकारियों ने रैंप की रिपेयर कराने का आश्वासन दिया था। डीसी अभिषेक मीणा ने भी रैंप की जल्द रिपेयर कराने की बात कही थी, लेकिन शुक्रवार को शाम तक रैंप की हालत वैसी ही बनी रही। पानी का बहाव लगातार बना रहा। यह पानी कस्बे के सेक्टरों से होते हुए नेशनल हाइवे की ओर रुख कर रहा है।



रेवाड़ी। धारूहेड़ा की ओर आ रहा दूषित पानी तथा सेक्टर मार्ग पर जमा दूषित पानी। फोटो : हरिभूमि

### एक-दूसरे पर बात टाल रहे अफसर

रैंप को दोबारा रिपेयर कराकर पानी रोकने के संदर्भ में जब अधिकारियों से बात की, तो वह एक-दूसरे पर बात टालते रहे। डीएमसी ब्रह्मप्रकाश ने कहा कि वह चंडीगढ़ में हैं। मामला एसडीएम के नोटिस में है। एसडीएम ने उल्टे डीएमसी की जिम्मेदारी बताते हुए कहा कि वह नपा सचिव को इस बारे में निर्देश दे चुके हैं। रैंप का निर्माण नगर पालिका को ही कराना है। अधिकारियों के इस तरह के बयान इस बात का संकेत दे रहे हैं कि वह कहीं न कहीं राजनीतिक दबाव में काम कर रहे हैं।

### परेशानी बढ़ रही



मैं डीएमसी और एसडीएम दोनों अधिकारियों से बात कर चुका हूं। उन्होंने रैंप दोबारा बनवाने का आश्वासन दिया था। अभी तक रैंप बनवाने के लिए कोई नहीं आया। वह इस मुद्दे को लेकर जल्द केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह से मिलेंगे। फिलहाल दूषित पानी कस्बे में लगातार आ रहा है, जिससे लोगों की परेशानी बढ़ रही है। -कंवर सिंह, चेयरमैन, नपा।

### सीवर लाइन का गंदा पानी डालने के स्थान बदलने की मांग

रेवाड़ी। शुक्रवार को नंगली गोधा के सैकड़ों ग्रामीणों की ओर से गांव के सीवर लाइन के गंदे पानी डालने के स्थान को बदलने के लिए डीसी को ज्ञापन सौंपा गया। ग्रामीण मदन सिंह, जीतू सिंह, रेशमी देवी, बृजपाल, निहाल कौर, चंद्रकला, हितेन्द्र कुमार, बलबीर सिंह व सोमदत्त मेहरा ने कहा कि गांव नंगली गोधा में ग्राम पंचायत की ओर से सीवर लाइन डालने का कार्य किया जा रहा है, जोकि सरपंच की ओर से प्लान किया गया है। सीवर लाइन के कार्य चलने वाले स्थान पर गांव के पीने के पानी के लिए दो सरकारी बोरवेल, पशुओं के पानी पीने का जोहड़ व प्राचीन मंदिर स्थित है तथा करीब 70 से 80 पेड़ है।

**प्रतियोगिता** प्रतिभागियों ने असाधारण प्रदर्शन, कलाबाजियों, संतुलन का हैरतअंगेज प्रदर्शन कर सभी को प्रभावित किया

# सैनिक स्कूल में खेलकूद प्रतियोगिता सम्पन्न, कैडेट प्रेरित को मिली सर्वश्रेष्ठ एथलीट की ट्रॉफी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुंड

गोठड़ा अहीर स्थित सैनिक स्कूल में शुक्रवार को दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में शौर्य चक्र विजेता कर्नल ललित कुमार शर्मा ने शिरकत की। विद्यालय प्राचार्य कैप्टन ब्रिज किशोर ने अतिथि का स्वागत किया। इस मौके पर प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल जयसिंह राठौड़, उप-प्राचार्या स्क्वाड्रन लीडर वंदना चौधरी व वरिष्ठ अध्यापक गजेंद्र सिंह चौहान भी मौजूद थे। दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता में कैडेट्स ने 33 विविध ट्रैक और फील्ड स्पर्धाओं सहित पीटी, जिम्नास्टिक्स, रिंग ऑफ फायर व एरोबिक्स का प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों ने असाधारण प्रदर्शन, कलाबाजियों, संतुलन का हैरतअंगेज प्रदर्शन कर सभी को प्रभावित किया। स्टाफ बनाम कैडेट्स की रस्साकसी प्रतियोगिता में कैडेट्स की टीम विजेता रही। शुक्रवार को वरिष्ठ, कनिष्ठ व कनिष्ठतम सदनों के ब्वायज व गर्ल्स खिलाड़ियों के मध्य 100 मीटर व 4 गुणा 100 मीटर रिले दौड़ें विशेष आकर्षण रही। प्रतियोगिताओं में कैडेट नेहल, कैडेट सचिन, कैडेट दीक्षिता,कैडेट युवराज,कैडेट प्रेरित, कैडेट आयुष, कैडेट कमल व कैडेट अंकित ने स्वर्ण पदक जीता तथा विजेता खिलाड़ियों को रजत व कांस्य पदक तथा प्रमाण पत्र देकर उनका उत्साह बढ़ाया गया। साथ ही विभिन्न प्रदर्शनों को गिफ्ट हैम्पर देकर सम्मानित किया गया। वर्ष की प्रतिष्ठित कॉक हाउस ट्रॉफी कटारी सदन ने प्राप्त की, जिसे सदन अध्यापक दिनेश कुमार महलान, सदन अनुशिक्षकों मनोज कुमार ओझा, मुशाहिद हुसैन, मनोज कुमार व सदन कप्तान कैडेट आकाश व उपकप्तान कैडेट अभिषेक ने ग्रहण किया। सर्वश्रेष्ठ एथलीट ट्रॉफी कैडेट प्रेरित को दी गई। इसके साथ ही खेल, शैक्षणिक और सह-पाठ्यक्रम ट्रॉफियां क्रमशः कटारी, करिअप्पा व सुब्रोतो सदनों ने प्राप्त की। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता की चैम्पियन ट्रॉफी अलग-अलग वर्गों में कटारी व रेजांगला सदन ने प्राप्त की। 100 मीटर स्टाफ की दौड़ के लिए प्रथम भवानी सिंह, द्वितीय विष्णु शर्मा व तृतीय स्थान पर दुर्वेश को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय वार्षिक पत्रिका रेवाड़ी रेज का भी अनावरण किया गया।



रेवाड़ी। दौड़ प्रतियोगिता में दम दिखाते हुए कैडेट्स तथा विजेता कैडेट्स को सम्मानित करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

### व्यायाम व खेल विद्यार्थी जीवन का अनिवार्य अंग

इस अवसर पर मुख्य अतिथि कर्नल ललित कुमार शर्मा व्यायाम व खेलों को विद्यार्थी जीवन का अनिवार्य अंग बताया। उन्होंने कहा कि इससे खिलाड़ियों में अनुशासन, समूह भावना, नेतृत्व क्षमता जैसे जीवन के आवश्यक कौशलों का विकास होता है। खेल सिर्फ, ताकत और हुनर का मुकाबला ही नहीं अपितु चरित्र निर्माण, मुकाबले की गर्मी, अनुशासन, टीम वर्क और गिरने के बाद उठने की विनम्रता भी सिखाते हैं। उन्होंने चाणक्य स्वरूप शिक्षकों की छात्रों में ज्ञान व उचित प्रशिक्षण ढालने पर तारीफ की। प्राचार्य कैप्टन ब्रिज किशोर ने कैडेट्स की प्रतिबद्धता, प्रशिक्षण, अभ्यास,कौशल प्रदर्शन का स्तर उत्कृष्ट बताया। आयोजन के कैडेट प्रभारी कैडेट जतिन व कैडेट शिवम तंवर थे, वहीं अंग्रेजी में कैडेट सक्षम गुप्ता व कैडेट हिमांशु व हिंदी में कैडेट सौम्य भट्ट व कैडेट आयुष श्रीवास्तव ने उद्घोषक की भूमिका निभाई। आयोजन में एपीटीसी हवलदार रमन थापा व हवलदार सूरज सिंह बिष्ट ने सक्रिय भूमिका निभाई। प्रतियोगिता समग्र प्रभारी अरविंद कुमार भारद्वाज ने सभी का आभार व्यक्त किया।